DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

राज्य पात्रता परीक्षा प्रकोष्ठ
मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग
रेसीडेन्सी क्षेत्र, इन्दौर

विज्ञप्ति क्रमांक –134/2018/सेट

इन्दौर, दिनांक – 26.02.2019

## –::संशोधित विज्ञप्ति::–

**राज्य पात्रता परीक्षा (सेट)– 2018 के विषय – हिन्दी की अंतिम उत्तर कुंजी (संशोधित)**

राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) – 2018 के संदर्भ में आयोग द्वारा जारी विज्ञप्ति क्रमांक 124/2019/सेट, इंदौर दिनांक 11.02.2019 के अंतर्गत विषय –हिन्दी के प्रश्न पत्र की अंतिम उत्तर कुंजी अभ्यर्थियों हेतु आयोग की वेबसाईट पर प्रकाशित की गई थी। हिंदी विषय की अंतिम उत्तर कुंजी के प्रश्न क्रमांक HN 1042 में अभ्यर्थियों से प्राप्त ऑनलाईन आपत्तियों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा पुनः सूक्ष्म परीक्षण किया गया तथा विषय विशेषज्ञों ने पाया कि उक्त प्रश्न में विकल्प (C) एव (D) पूर्णतः समान है। दोनों उत्तरों की भाषा एक समान होने के कारण दोनो एक ही उत्तर है व सही है। अतः प्रश्न क्रमांक HN 1042 के विकल्प (C) एव (D) को हल करने वाले अभ्यर्थियों को अंक प्रदाय किये जायेंगें। उक्त आधार पर प्रश्नपत्र की **अनुसंशित अंतिम उत्तर कुजी (संशोधित)** बनाई गई है। यह अंतिम उत्तर कुंजी है इस अंतिम उत्तर कुंजी के आधार पर सेट परीक्षा का परिणाम तैयार किया जाएगा। अतः अब इस संबंध में अभ्यर्थियों की किसी प्रकार की प्रश्न पत्र संबंधी आपत्तियों/अभ्यावेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट पर अपना रोल नंबर एवं प्रवेश पत्र पर दिये गये पासवर्ड की सहायता से लॉगिन कर विषय – हिन्दी की रिस्पांस शीट का अवलोकन कर सकते हैं। यह रिस्पांस शीट आयोग की वेबसाईट www.mppsc.nic.in, www.mppsc.com एवं www.mppscdemo.in पर दिनांक 26.02.2019 से उपलब्ध रहेगी।

परीक्षा नियंत्रक (सेट)
राज्य पात्रता परीक्षा प्रकोष्ठ

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM
Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

# State Eligibility Test - 2018

# (Final Answer Key)

# Hindi

| Q1 : 'नाथ सम्प्रदाय' नामक पुस्तक के रचयिता हैं। | |
|---|---|
| A | रामचंद्र शुक्ल |
| B | हजारी प्रसाद दिव्वेदी |
| C | राहुल सांस्कृत्यायन |
| D | डॉ. नगेन्द्र |
| Answer Key: **B** | |

| Q2 : जाति-पॉति पूछे नहिं कोई, हरि को भजै सो हरि का होई- इन पंक्तियों में कौन-सा दृष्टिकोण है? | |
|---|---|
| A | जातिवादी |
| B | समन्वयवादी |
| C | वर्णवादी |
| D | साम्प्रदायिक |
| Answer Key: **B** | |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

**Q3 :**

'रामचरित मानस' में कितने काण्ड हैं?

| | |
|---|---|
| A | एक |
| B | तीन |
| C | सात |
| D | नौ |

Answer Key: **C**

**Q4 :**

निम्नलिखित में से कौन रीति सिद्ध कवि है?

| | |
|---|---|
| A | बोधा |
| B | रसनिधि |
| C | बिहारी |
| D | नृपशंभु |

Answer Key: **C**

**Q5 :**

"भाषा बोलि जानहीं, जिनके कुल के दास"- यह काव्य पंक्ति किस कवि के संदर्भ में चरितार्थ है?

| | |
|---|---|
| A | सेनापति |
| B | भूषण |
| | |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | |
|---|---|
| C | बिहारी |
| D | केशवदास |
| Answer Key: **D** | |

**Q6 :**
"भूषण की भाषा में ओज की मात्रा तो पूरी है, पर वह अधिकतर अव्यवस्थित है"- यह कथन किस समीक्षक का है?

| | |
|---|---|
| A | हजारी प्रसाद दिव्वेदी का |
| B | रामचन्द्र शुक्ल का |
| C | रामविलास शर्मा का |
| D | डॉ. नगेन्द्र का |
| Answer Key: **B** | |

**Q7 :**
कुँवर नारायण किस सप्तक के कवि है?

| | |
|---|---|
| A | पहला तार सप्तक |
| B | दूसरा तार सप्तक |
| C | तीसरा तार सप्तक |
| D | इनमें से कोई नहीं |
| Answer Key: **C** | |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

**Q8 :** "नारी शरीर देव मन्दिर की भाँति पवित्र है"- यह कथन हैः

| | |
|---|---|
| A | प्रेमचंद का |
| B | हजारी प्रसाद द्विवेदी का |
| C | अज्ञेय का |
| D | अमृतलाल नागर का |

Answer Key: **B**

**Q9 :** "अंधा युग" में कितने अंक हैः

| | |
|---|---|
| A | एक |
| B | तीन |
| C | चार |
| D | पाँच |

Answer Key: **D**

**Q10 :** केशव की किस कृति को "छन्दों का अजायबघर" कहा जाता है?

| | |
|---|---|
| A | रामचन्द्रिका |
| B | कविप्रिया |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | |
|---|---|
| C | छन्दमाला |
| D | जहाँगीर जसचन्द्रिका |
| Answer Key: **A** | |

**Q11 :**
चिन्तामणि भाग 1 में कितने निबंध संकलित हैः

| | |
|---|---|
| A | 17 |
| B | 19 |
| C | 21 |
| D | 23 |
| Answer Key: **A** | |

**Q12 :**
रीति को "वृत्ति" किस आचार्य ने कहा?

| | |
|---|---|
| A | वामन |
| B | कुन्तक |
| C | मम्मट |
| D | आन्दवर्द्धन |
| Answer Key: **C** | |

**Q13 :**
मम्मट ने काव्य के प्रयोजनों पर चर्चा करते हुए 'व्यवहार ज्ञान' को किस स्थान पर रखा है?

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | |
|---|---|
| A | पाँचवे स्थान पर |
| B | |
| | दूसरे स्थान पर |
| C | |
| | चौथे स्थान पर |
| D | |
| | तीसरे स्थान पर |
| Answer Key: **D** | |

**Q14 :**

'भारतीय काव्य शास्त्र की भूमिका' ग्रंथ के लेखक है

| | |
|---|---|
| A | |
| | डॉ नगेन्द्र |
| B | |
| | हजारी प्रसाद दिव्वेदी |
| C | |
| | भगीरथ मिश्र |
| D | |
| | गोविन्द त्रिगुणायत |
| Answer Key: **A** | |

**Q15 :**

हिंदी के रीति ग्रंथ किस आलोचना वर्ग में रखे जाने चाहिए?

| | |
|---|---|
| A | |
| | तुलनात्मक आलोचना |
| B | |
| | सैद्धान्तिक आलोचना |
| C | |
| | प्रभाववादी आलोचना |
| | |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | |
|---|---|
| D | शास्त्रीय आलोचना |
| Answer Key: **B** | |

**Q16 :**

दण्डी किस सम्प्रदाय के आचार्य हैं?

| | |
|---|---|
| A | रस |
| B | रीति |
| C | अलंकार |
| D | ध्वनि |
| Answer Key: **C** | |

**Q17 :**

क्रोचे ने ज्ञान के कितने रूप माने हैं?

| | |
|---|---|
| A | एक |
| B | दो |
| C | तीन |
| D | चार |
| Answer Key: **B** | |

**Q18 :**

रिचर्ड्स के संप्रेषण सिद्धांत की तुलना किस भारतीय सिद्धांत से की गई है?

| | |
|---|---|
| A | रस सिद्धांत |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | |
|---|---|
| B | वक्रोक्ति सिद्धांत |
| C | साधारणीकरण |
| D | औचित्य सिद्धांत |
| Answer Key: **C** | |

**Q19 :**

स्थापन ए- सूफी कवियों ने मसनवी शैली में अपनी काव्य रचनाएँ प्रस्तुत की हैं।

तर्क आर- सूफी कवि इश्क हकीकी से इश्क मिजाजी तक पहुँचना चाहते थे।

| | |
|---|---|
| A | ए सही और आर गलत |
| B | ए गलत औऱ आर सही |
| C | ए और आर दोनों सही |
| D | ए और आर दोनों गलत |
| Answer Key: **A** | |

**Q20 :**

स्थापना (ए)- कहानी में एक संवेदना ही प्रमुख होती है, इसलिए उसमें विस्तार नहीं होता।

तर्क (आर)- कहानी और उपन्यास में आकार का ही अंतर नहीं है, अपितु शिल्पगत अंतर भी है।

| | |
|---|---|
| A | ए सही और आर गलत |
| B | ए और आर दोनों सही |
| C | ए गलत औऱ आर सही |
| | |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | |
|---|---|
| D | ए और आर दोनों गलत |
| Answer Key: **B** | |

**Q21 :**

'आयो घोष बड़ो ब्यौपारी' पंक्ति में घोष का क्या अर्थ है?

| | |
|---|---|
| A | मथुरा |
| B | वृन्दावन |
| C | आगरा |
| D | अहीरों की बस्ती |
| Answer Key: **D** | |

**Q22 :**


'मोरी चुनरी में परि गयो दाग पिया' में चुनरी प्रतीक है:

| | |
|---|---|
| A | शरीर का |
| B | जीवात्मा का |
| C | परमात्मा का |
| D | पाप का |
| Answer Key: **A** | |

**Q23 :**

"विपन्नता के इस सागर में सोहाग ही वह तृण था जिसे पकड़े हुए वह सागर को पार कर रही थी।" यह पंक्ति किस रचना की है?

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC




**What you will get:**

- 100% MPPSC G.S. Syllabus Covered
- 1950+ Pages
- Total Booklets: 7
- Every section is covered with MCQs
- Flow chart, diagram and figures are exhaustively compiled, for better understanding of the Contents.
- Current Affairs for MPPSC (Pre.) Exam
- Gist of The Hindu, Yojana, Kurukshetra, PIB (12 Months)
- Guidance & Support from Our Experts

**Price of the Kit:**

~~Rs. 8,000~~

**Rs. 3,999/-**

*(Limited time Offer)*

Buy Online

VISA Maestro MasterCard RuPay

Net Banking

**Madhya Pardesh PSC Exam PAPERS**

**Order Online (100% Safe)**

CLICK HERE

50% OFF

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | |
|---|---|
| A | शेखर एक जीवनी |
| B | |
| | आधे अधूरे |
| C | |
| | गोदान |
| D | |
| | ध्रुवस्वामिनी |
| Answer Key: **C** | |

**Q24 :**
"आर्यावर्त का भविष्य लिखने के लिए कुचक्र और प्रताड़ना की लेखनी और मसि प्रस्तुत हो रही है।" यह कथन प्रसाद के किस नाटक में है?

| | |
|---|---|
| A | |
| | ध्रुवस्वामिनी |
| B | |
| | स्कन्दगुप्त |
| C | |
| | चन्द्रगुप्त |
| D | |
| | अजातशत्रु |
| Answer Key: **C** | |

**Q25 :**
"संत-असंत" के लक्षणों का प्रतिपादन 'रामचरित मानस' के किस काण्ड में किया गया है?

| | |
|---|---|
| A | |
| | अयोध्या कांड |
| B | |
| | बाल कांड |
| C | |
| | किष्किन्धा कांड |
| | |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | |
|---|---|
| D | उत्तर कांड |
| Answer Key: **D** | |

**Q26 :**

"निरगुण राम, निरगुण राम जपहु रे भाई"- इस पंक्ति द्वारा कबीरदास नवधा भक्ति में से किस भक्ति का प्रतिपादन करते हैं?

| | |
|---|---|
| A | श्रवण |
| B | नाम महिमा |
| C | भजन |
| D | कीर्तन |
| Answer Key: **B** | |

**Q27 :**

"सूफी मत में ईश्वर की भावना स्त्री रूप में की गई है।" यह मत है:

| | |
|---|---|
| A | रामकुमार वर्मा का |
| B | रामचंद्र शुक्ल का |
| C | हजारी प्रसाद दिव्वेदी का |
| D | डॉ नगेन्द्र का |
| Answer Key: **B** | |

**Q28 :**

इन कवियों को काल के आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिये:

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | |
|---|---|
| A | जायसी, कबीर, तुलसी, निराला |
| B | तुलसी, जायसी, कबीर, निराला |
| C | निराला, जायसी, कबीर, तुलसी |
| D | कबीर, जायसी, तुलसी, निराला |
| Answer Key: **D** | |

**Q29 :**
"कामायनी" में अभिव्यक्त समरसता दर्शन को प्रसाद ने कहाँ से ग्रहण किया है?

| | |
|---|---|
| A | चार्वाक दर्शन |
| B | जैन दर्शन |
| C | कश्मीरीय शैव दर्शन |
| D | बौद्ध दर्शन |
| Answer Key: **C** | |

**Q30 :**
"छायावाद एक दार्शनिक अनुभूति है" - यह कथन है:

| | |
|---|---|
| A | शान्ति प्रिय दिव्वेदी का |
| B | जयशंकर प्रसाद का |
| C | रामचंद्र शुक्ल का |
| | |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | |
|---|---|
| D | डॉ नगेन्द्र का |
| Answer Key: **A** | |

**Q31 :**
"सौन्दर्य बाहर की कोई वस्तु नही, वह तो मन के भीतर की वस्तु है।" यह कथन हैः

| | |
|---|---|
| A | जयशंकर प्रसाद का |
| B | रामचन्द्र शुक्ल का |
| C | हरिवंश राय बच्चन का |
| D | डॉ नामवर सिंह का |
| Answer Key: **B** | |

**Q32 :**
"रेणु जिस भाषिक संरचना का प्रयोग करते है वह माँ के दूध की तरह है।" यह विचार हैः

| | |
|---|---|
| A | मार्कण्डेय का |
| B | प्रेमचंद का |
| C | अज्ञेय का |
| D | नामवर सिंह का |
| Answer Key: **A** | |

**Q33 :**
इनमें से 'यामा' में किस कृति की कविताओं का संकलन नहीं है?

| | |
|---|---|
| A | रश्मि |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | |
|---|---|
| B | नीहार |
| C | सांध्यगीत |
| D | दीपशिखा |
| Answer Key: **D** | |

**Q34 :**

रूपवाद का उद्भव कहाँ हुआ ?

| | |
|---|---|
| A | रूस में |
| B | चीन में |
| C | जर्मनी में |
| D | जापान में |
| Answer Key: **A** | |

**Q35 :**

विखण्डनवाद के समर्थक हैः

| | |
|---|---|
| A | रूसो |
| B | विक्टर ह्यूगो |
| C | फ्रायड |
| D | देरिडा |
| Answer Key: **D** | |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

**Q36 :**

उत्तम कोटि का काव्य आनंदवर्धन किसे मानते हैः

| | |
|---|---|
| A | जिसमें व्यंग्यार्थ प्रधान हो |
| B | जिसमें वाच्यार्थ प्रधान हो |
| C | जिसमें व्यंग्यार्थ की सत्ता हीन हो |
| D | इनमें से कोई नहीं |

Answer Key: **A**

**Q37 :**

रस के संबन्ध में कौन सा तथ्य गलत है?

| | |
|---|---|
| A | रस अखण्ड है |
| B | रस ब्रह्मानन्द है |
| C | रस ब्रह्मानन्द सहोदर है |
| D | रस लोकोत्तर चमत्कार है |

Answer Key: **B**

**Q38 :**

'रीति' के लिए 'मार्ग' शब्द का प्रयोग किया हैः

| | |
|---|---|
| A | कुन्तक ने |
| B | वामन ने |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | |
|---|---|
| C | आनंदवर्धन ने |
| D | मम्मट ने |
| Answer Key: **A** | |

**Q39 :**
परवर्ती अपभ्रंश या अवहट्ट भाषा में लिखा हुआ काव्य है--

| | |
|---|---|
| A | चंदर बदन ओ माहियार |
| B | राग-कल्पद्रुम |
| C | कीर्तिलता |
| D | इनमें से कोई नहीं |
| Answer Key: **C** | |

**Q40 :**
हिन्दी भाषा के विकास का सही क्रम है-

| | |
|---|---|
| A | संस्कृत, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश |
| B | पालि, संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश |
| C | संस्कृत, प्राकृत, पालि, अपभ्रंश |
| D | अपभ्रंश, संस्कृत, प्राकृत, पाली |
| Answer Key: **A** | |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

**Q41 :** च, छ, ज, झ, ञ (चवर्ग) के व्यंजन किस वर्ग में आते हैं?

| | |
|---|---|
| A | मूर्धन्य |
| B | दन्त्य |
| C | तालव्य |
| D | कण्ठ्य |

Answer Key: **C**

**Q42 :**
प्रेमाख्यान काव्य परंपरा की प्रमुख रचनाओं का सही क्रम क्या है?

| | |
|---|---|
| A | मृगावती, चंदायन, पद्मावत, मधुमालती |
| B | पद्मावत, मृगावती, मधुमालती, चंदायन |
| C | चंदायन, मृगावती, पद्मावत, मधुमालती |
| D | चंदायन, मृगावती, पद्मावत, मधुमालती |

Answer Key: **C & D**

**Q43 :**
निम्नलिखित में से कौन-सी बोली पश्चिमी हिन्दी उपभाषा के अन्तर्गत नहीं आती है?

| | |
|---|---|
| A | बघेली |
| B | बुन्देली |
| | |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | |
|---|---|
| C | कन्नौजी |
| D | कौरवी |
| Answer Key: **A** | |

**Q44 :**

"दसवीं. से चौदहवी शताब्दी का काल', जिसे हिन्दी का आदिकाल कहते हैं, भाषा की दृष्टि से अपभ्रंश का ही बढ़ाव है"- यह कथन किसका है?

| | |
|---|---|
| A | चंद्रघर शर्मा 'गुलेरी' |
| B | श्यामसुन्दर दास |
| C | हजारी प्रसाद दिव्वेदी |
| D | राहुल सांस्कृत्यायन |
| Answer Key: **C** | |

**Q45 :**

'हिन्दी-कौमुदी' नामक पुस्तक के रचयिता हैं-

| | |
|---|---|
| A | अंबिकादत्त व्यास |
| B | अयोध्या प्रसाद वाजपेयी |
| C | अंबिका प्रसाद वाजपेयी |
| D | अयोध्या सिंह उपाध्याय |
| Answer Key: **C** | |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| **Q46 :** आलवार भक्तो की संख्या कितनी मानी गई है? | |
|---|---|
| A | बारह |
| B | छः |
| C | चौरासी |
| D | सात |
| Answer Key: **A** | |

| **Q47 :** जगन्नाथ दास 'रत्नाकर' का आख्यानक प्रबंध- काव्य है- | |
|---|---|
| A | कलकाशी |
| B | गंगावतरण |
| C | श्रृंगारलहरी |
| D | उद्धवशतक |
| Answer Key: **B** | |

| **Q48 :** गोस्वामी तुलसीदास रचित 'विनय-पत्रिका' हिन्दी साहित्य में एक अनमोल रत्न है- यह कथन किस लेखक का है? | |
|---|---|
| A | रामचन्द्र शुक्ल |
| B | महावीर प्रसाद द्विवेदी |
| | |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | |
|---|---|
| C | श्यामसुन्दर दास |
| D | विश्वनाथ प्रसाद मिश्र |
| Answer Key: **A** | |

**Q49 :**
'साहित्यालोचन (श्यामसुन्दर दास)' कृति में किसका विवेचन है?

| | |
|---|---|
| A | कला, साहित्य, कविता, तथा साहित्य की आलोचना |
| B | काव्य, कविता, रस और शैली तथा साहित्य की आलोचना |
| C | कला, साहित्य, काव्य, कविता, गद्य-काव्य, रस और शैली तथा साहित्य की आलोचना |
| D | कला, गद्य-काव्य, तथा साहित्य की आलोचना |
| Answer Key: **C** | |

**Q50 :**
धनपत राय को "प्रेमचन्द" नाम किसने दिया ?

| | |
|---|---|
| A | दयानरायन निगम ने |
| B | रवीन्द्रनाथ टैगोर ने |
| C | मन्नन द्विवेदी ने |
| D | इनमें से कोई नहीं |
| Answer Key: **A** | |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

**Q51 :** 'अम्बर पनघट में डूबो रही तारा घट उषा नागरी'- इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है तथा किसके द्वारा रचित है ?

| | |
|---|---|
| A | रूपक तथा जयशंकर प्रसाद |
| B | वक्रोक्ति तथा सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' |
| C | उपमा तथा सुमित्रानन्दन पन्त |
| D | उत्प्रेक्षा तथा महादेवी वर्मा |

Answer Key: **A**

**Q52 :** प्रेमचन्द का अपूर्ण उपन्यास है-

| | |
|---|---|
| A | गबन |
| B | मंगलसूत्र |
| C | कर्मभूमि |
| D | कायाकल्प |

Answer Key: **B**

**Q53 :** रचनाकाल के आधार पर रामधारी सिंह 'दिनकर' की निम्नलिखित कृतियों का सही अनुक्रम है-

| | |
|---|---|
| A | हुंकार, रश्मिरथी, उर्वशी, कुरूक्षेत्र |
| B | कुरूक्षेत्र, उर्वशी, रश्मिरथी, हुंकार |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | |
|---|---|
| C | रश्मिरथी, हुंकार, कुरूक्षेत्र, उर्वशी |
| D | हुंकार, कुरूक्षेत्र, रश्मिरथी, उर्वशी |

Answer Key: **D**

**Q54 :**

'आलोचना' त्रैमासिक पत्रिका के सम्पादक हैं-

| | |
|---|---|
| A | अपूर्वानंद |
| B | केदारनाथ सिंह |
| C | गंगाप्रसाद विमल |
| D | नामवर सिंह |

Answer Key: **A**

**Q55 :**

"यहाँ प्रत्येक कर्म, क्षण या व्यक्ति, घटित होकर कालातीत हो जाता है। यह संबंधहीन घटित होना ही, अग्नि है, नियम है, दिशाकाशी पुरूष है।" उपर्युक्त काव्य-पंक्तियों का संबंध किस रचना से है?

| | |
|---|---|
| A | महाप्रस्थान |
| B | प्रवाद पर्व |
| C | संशय की एक रात |
| D | शबरी |

Answer Key: **C**

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| **Q56 :** गजानन माधव मुक्तिबोध ने अपनी लम्बी कविता 'अँधेरे में' का क्या शीर्षक रखा था? | |
|---|---|
| A | आशंका का द्वीप |
| B | द्वीप: अँधेरे में |
| C | एक स्वप्न-कथा |
| D | आशंका के द्वीप: अँधेरे में |
| Answer Key: **D** | |

| **Q57 :** 'पर दुनिया की हजारों सड़कों से गुजरते हुए बच्चे,बहुत छोटे छोटे बच्चे काम पर जा रहे हैं।'उपर्युक्त पंक्तियाँ किस कवि की हैं ? | |
|---|---|
| A | भवानीप्रसाद मिश्र |
| B | राजेश जोशी |
| C | चंद्रकान्त देवताले |
| D | विष्णु खरे |
| Answer Key: **B** | |

| **Q58 :** 'हरिश्चंद्र मैगजीन' मासिक पत्रिका का नाम बाद में क्या रखा गया? | |
|---|---|
| A | हरिश्चंद्र चन्द्रिका |
| B | बाला बोधिनी |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | |
|---|---|
| C | कविवचन सुधा |
| D | भारतेन्दु |
| Answer Key: **A** | |

**Q59 :**
'गद्य जीवन संग्राम की भाषा है'- किस विद्वान का कथन है?

| | |
|---|---|
| A | रामचन्द्र शुक्ल |
| B | महावीर प्रसाद द्विवेदी |
| C | सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' |
| D | रामविलास शर्मा |
| Answer Key: **C** | |

**Q60 :**
हिन्दी में मनस्तत्व के आधार पर अपने उपन्यासों में व्यक्ति-मानव की प्रतिष्ठा करने वाले सर्वप्रथम उपन्यासकार हैं-

| | |
|---|---|
| A | जैनेन्द्र कुमार |
| B | भीष्म साहनी |
| C | इलाचन्द्र जोशी |
| D | रांगेय राघव |
| Answer Key: **C** | |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

**Q61 :** निम्नलिखित में से लक्ष्मीनारायण मिश्र का कौन-सा समस्या नाटक (सामाजिक) नहीं है?

| | |
|---|---|
| A | राक्षस का मन्दिर |
| B | मुक्ति का रहस्य |
| C | सिन्दूर की होली |
| D | जयवर्द्धमान |

Answer Key: **D**

**Q62 :**
भरत के सूत्र के आधार पर रस की व्याख्या करने वाले आचार्यों का काल- क्रमानुसार सही अनुक्रम है-

| | |
|---|---|
| A | शंकुक, भट्टलोल्लट, भट्टनायक, अभिनवगुप्त |
| B | शंकुक, भट्टनायक, भट्टलोल्लट, अभिनवगुप्त |
| C | भट्टलोल्लट, शंकुक, भट्टनायक, अभिनवगुप्त |
| D | भट्टनायक, भट्टलोल्लट, शंकुक, अभिनवगुप्त |

Answer Key: **C**

**Q63 :**
उत्तर संरचनावाद के मुख्य विचारक हैं-

| | |
|---|---|
| A | दान्ते |
| B | ए. सी. ब्रेडले |
| | |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | |
|---|---|
| C | जॉनसन |
| D | सास्यूर |
| Answer Key: **D** | |

**Q64 :**

किस विद्वान ने 'अभिव्यंजनावाद' को 'वाग्वैचित्र्य वाद' भी कहना चाहा है, और इसे पुराने 'वक्रोक्तिवाद' का 'विलायती उत्थान' कहा है?

| | |
|---|---|
| A | रामचन्द्र शुक्ल |
| B | लक्ष्मीनारायण सुधांशु |
| C | धीरेन्द्र वर्मा |
| D | ब्रजेश्वर वर्मा |
| Answer Key: **A** | |

**Q65 :**

हिन्दी पत्रकारिता के इतिहास में किस लेखक का स्थान महत्वपूर्ण है?

| | |
|---|---|
| A | बलदेव प्रसाद मित्र |
| B | किशोरी दास वाजपेयी |
| C | बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' |
| D | बदरीनाथ भट्ट |
| Answer Key: **C** | |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

**Q66 :** बँगला की छोटी कहानियों की संज्ञा से प्राप्त शब्द कौनसा है?

| | |
|---|---|
| A | छोटी कहानी |
| B | गल्प |
| C | लघुकथा |
| D | इनमें से कोई नहीं |

Answer Key: **B**

**Q67 :** 'काव्य-भाषा और सामान्य ग्रामीण भाषा की एकात्मता' का पक्षधर कौनसा पाश्चात्य विद्‍वान है?

| | |
|---|---|
| A | विलियम वर्ड्सवर्थ |
| B | सैमुअल टेलर कोलरिज |
| C | अरस्तू |
| D | टॉमस स्टर्न्स इलियट |

Answer Key: **A**

**Q68 :** 'हिन्दी दलित साहित्य' के लेखक हैं-

| | |
|---|---|
| A | जयप्रकाश कर्दम |
| B | मोहनदास नैमिशराय |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | |
|---|---|
| C | विमल थोराट |
| D | एन.सिंह |
| Answer Key: **B** | |

**Q69 :**

'हिन्दी शब्द सागर' में लिखित 'हिन्दी साहित्य का विकास' को परिवर्तित तथा परिमार्जित कर 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' किस विद्वान् ने लिखा ?


| | |
|---|---|
| A | ब्रजरत्नदास |
| B | रामचन्द्र शुक्ल |
| C | हजारी प्रसाद दिव्वेदी |
| D | महावीर प्रसाद दिव्वेदी |
| Answer Key: **B** | |

**Q70 :**

सियाराम शरण गुप्त की किस रचना में शान्तिदायिनी सात्विकता से संकलित धरती के गीत हैं, जिनमें एक सुनिशिचित जीवन दर्शन भी अनुस्यूत है?

| | |
|---|---|
| A | आत्मोत्सर्ग |
| B | बापू |
| C | आर्द्रा |
| D | मृण्मयी |
| Answer Key: **D** | |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC




**What you will get:**

- 100% MPPSC G.S. Syllabus Covered
- 1950+ Pages
- Total Booklets: 7
- Every section is covered with MCQs
- Flow chart, diagram and figures are exhaustively compiled, for better understanding of the Contents.
- Current Affairs for MPPSC (Pre.) Exam
- Gist of The Hindu, Yojana, Kurukshetra, PIB (12 Months)
- Guidance & Support from Our Experts

**Price of the Kit:**

~~Rs. 8,000~~

**Rs. 3,999/-**

***(Limited time Offer)***

Buy Online

VISA Maestro MasterCard RuPay

Net Banking

## Madhya Pardesh PSC Exam PAPERS

## Order Online (100% Safe)

CLICK HERE

50% OFF

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

**Q71 :**

रसखान का वास्तविक नाम क्या था?

| | |
|---|---|
| A | जहूरबख्श |
| B | मुहम्मद इस्लाम |
| C | सैयद इब्राहिम |
| D | मोहम्मद साहब |

Answer Key: **C**

**Q72 :**

"सब विधि पूरौ सुरवर सभा रुरौ, यह दिनकर सूरौ उतराय न चलत है" - यह पंक्ति किस कवि की है?

| | |
|---|---|
| A | भूषण |
| B | चिन्तामणि |
| C | सेनापति |
| D | केशवदास |

Answer Key: **C**

**Q73 :**

स्थापना एः संस्कृति शब्द का मूल अर्थ साफ या परिष्कृत करना है।

तर्क आरः संस्कृति शब्द का प्रयोग कम-से-कम दो अर्थों में होता है, एक व्यापक और एक विस्तृत अर्थ में।

| | |
|---|---|
| A | ए सही आर गलत |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | |
|---|---|
| B | ए सही आर सही |
| C | ए गलत आर सही |
| D | ए गलत आर गलत |
| Answer Key: **A** | |

Passage:

निम्नलिखित पाँच प्रश्नों के उत्तर दिए हुए गद्यांश पढ़कर दीजिए:-

Passage Hindi:

**Q74 :**

मानव कब दानव से भी दुर्दान्त, पशु से भी बर्बर और पत्थर से भी कठोर- करूणा के लिए निरवकाश हृदय वाला हो जायेगा, नहीं जाना जा सकता। अतीत सुखों के लिए सोच क्यों, अनागत भविष्य के लिए भय क्यों और वर्तमान को मैं अपने अनुकूल बना ही लूँगा, फिर चिन्ता किस बात की?

उपर्युक्त गद्यांश को ध्यान से पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

यह कथन किस पुस्तक से उद्घृत है-

| | |
|---|---|
| A | प्रेमचन्द के 'गोदान' से |
| B | मोहन राकेश के 'आधे अधूरे' से |
| C | जयशंकर प्रसाद के 'चन्द्रगुप्त' से |
| D | सच्चिदान्नद वात्स्यायन 'अज्ञेय' के शेखर एक जीवनी से |
| Answer Key: **C** | |

**Q75 :**

मानव कब दानव से भी दुर्दान्त, पशु से भी बर्बर और पत्थर से भी कठोर- करूणा के लिए निरवकाश हृदय वाला हो जायेगा, नहीं जाना जा सकता। अतीत सुखों के लिए सोच क्यों, अनागत भविष्य के लिए भय क्यों और वर्तमान को मैं अपने अनुकूल बना ही लूँगा, फिर चिन्ता किस बात की?

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | |
|---|---|
| उपर्युक्त गद्यांश को ध्यान से पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए<br><br>'मानव' का विलोम शब्द गद्यांश में क्या है? | |
| A | बर्बर |
| B | कठोर |
| C | दुर्दान्त |
| D | दानव |
| Answer Key: **D** | |

**Q76 :**

| | |
|---|---|
| मानव कब दानव से भी दुर्दान्त, पशु से भी बर्बर और पत्थर से भी कठोर- करूणा के लिए निरवकाश हृदय वाला हो जायेगा, नहीं जाना जा सकता। अतीत सुखों के लिए सोच क्यों, अनागत भविष्य के लिए भय क्यों और वर्तमान को मैं अपने अनुकूल बना ही लूँगा, फिर चिन्ता किस बात की?<br>उपर्युक्त गद्यांश को ध्यान से पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-<br><br>इस गद्यांश में कौन किससे कह रहा है? | |
| A | चाणक्य चन्द्रगुप्त से |
| B | सिंहरण अलका से |
| C | सिंहरण चन्द्रगुप्त से |
| D | चाणक्य सिंहरण से |
| Answer Key: **B** | |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | |
|---|---|
| **Q77 :** | मानव कब दानव से भी दुर्दान्त, पशु से भी बर्बर और पत्थर से भी कठोर- करूणा के लिए निरवकाश हृदय वाला हो जायेगा, नहीं जाना जा सकता। अतीत सुखों के लिए सोच क्यों, अनागत भविष्य के लिए भय क्यों और वर्तमान को मैं अपने अनुकूल बना ही लूँगा, फिर चिन्ता किस बात की? उपर्युक्त गद्यांश को ध्यान से पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए<br><br>इस गद्यांश से क्या संदेश मिलता है? |
| A | अतीत और भविष्य के दुःख-सुख की चिंता न करते हुए वर्तमान पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए |
| B | मनुष्य को दूरदृष्टि वाला होना चाहिए |
| C | अतीत के सुखों को याद नहीं करना चाहिए |
| D | इनमें से कोई नहीं |
| Answer Key: **A** | |

| | |
|---|---|
| **Q78 :** | मानव कब दानव से भी दुर्दान्त, पशु से भी बर्बर और पत्थर से भी कठोर- करूणा के लिए निरवकाश हृदय वाला हो जायेगा, नहीं जाना जा सकता। अतीत सुखों के लिए सोच क्यों, अनागत भविष्य के लिए भय क्यों और वर्तमान को मैं अपने अनुकूल बना ही लूँगा, फिर चिन्ता किस बात की? उपर्युक्त गद्यांश को ध्यान से पढ़कर प्रश्नों के उत्तर<br><br>'निरवकाश' में कौन-सा उपसर्ग प्रयुक्त है? |
| A | नि |
| B | निरा |
| C | निर् |
| D | सभी सही है |
| Answer Key: **C** | |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

**Q79 :**
इन नाट्य कृतियों में किस कृति का कथानक प्रतीकात्मक है?

| | |
|---|---|
| A | राज्यश्री |
| B | कामना |
| C | अजातशत्रु |
| D | ध्रुवस्वामिनी |

Answer Key: **B**

**Q80 :**
'रास पंचाध्यायी' के रचयिता है-

| | |
|---|---|
| A | बल्लभाचार्य |
| B | नंददास |
| C | कृष्णदास |
| D | कुम्भन दास |

Answer Key: **B**

**Q81 :**
"केवल मनोरंजन न कवि का कर्म होना चाहिए। उसमें उचित उपदेश का भी मर्म होना चाहिए"।।
उक्त पंक्तियाँ किस कवि द्वारा रचित है?

| | |
|---|---|
| A | आचार्य महावीर प्रसाद दिव्वेदी |
| B | मैथिली शरण गुप्त |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | |
|---|---|
| C | भारतेन्दु हरिश्चन्द्र |
| D | श्रीधर पाठक |
| Answer Key: **B** | |

**Q82 :**
स्वामी वल्लभाचार्य जी के किस अपूर्ण ग्रंथ को उनके पुत्र विठ्ठलनाथ ने पूर्ण किया-

| | |
|---|---|
| A | अणुभाष्य |
| B | पूर्व मीमांसा |
| C | तत्वदीप निबंध |
| D | प्रकरण भाष्य |
| Answer Key: **A** | |

**Q83 :**
कौनसा तत्व नाटक को अन्य विधाओं से भिन्न कर देता है

| | |
|---|---|
| A | उद्देश्य |
| B | पात्र |
| C | रंगमंचीयता |
| D | कथा |
| Answer Key: **C** | |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | |
|---|---|
| **Q84 :** "प्रतीक" पत्रिका के सम्पादक का नाम है- | |
| A | सच्चिदानंद हीरानंद वात्सयायन 'अज्ञेय' |
| B | नंद दुलारे वाजपेयी |
| C | शिवदान सिंह चौहान |
| D | भैरव प्रसाद गुप्त |
| Answer Key: **A** | |

| | |
|---|---|
| **Q85 :** 'रमणीयार्थ प्रतिपादकः शब्दः काव्यम्' किस आचार्य का कथन है- | |
| A | मम्मट |
| B | विश्वनाथ |
| C | जगन्नाथ |
| D | राजेश्वर |
| Answer Key: **C** | |

| | |
|---|---|
| **Q86 :** 'विरेचन सिद्धान्त' के अनुसार विरेचन द्वारा | |
| A | पाठक/दर्शक को साहित्य से आनंद मिलता है |
| B | उसकी मलिन चित्वृत्ति का परिष्कार होता है |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | |
|---|---|
| C | वह बार बार साहित्य/नाटक देखना चाहता है |
| D | इनमें से उसे कुछ प्राप्त नही होता |
| Answer Key: **B** | |

**Q87 :**
आचार्य हजारी प्रसाद दिव्वेदी की इन पुस्तको में सर्वप्रथम कौन सी पुस्तक प्रकाशित हुई-

| | |
|---|---|
| A | मध्यकालीन बोध का स्वरूप |
| B | हिन्दी साहित्य का आदि काल |
| C | हिन्दी साहित्य की भूमिका |
| D | कबीर |
| Answer Key: **C** | |

**Q88 :**
वल्लभाचार्य जी के अनुसार कृष्ण विषयक कौन सा कथन सही है

| | |
|---|---|
| A | कृष्ण चिन्मय स्वरूप हैं |
| B | कृष्ण सत्य स्वरूप हैं |
| C | कृष्ण आनंद स्वरूप हैं |
| D | कृष्ण सच्चिदानंद स्वरूप हैं |
| Answer Key: **D** | |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| **Q89 :** | किस आचार्य ने 'काव्य हेतुओं' पर विचार प्रतिपादित करते हुए काव्य हेतुओं में 'पुरुषार्थ चतुष्टय' को स्थान दिया है- |
|---|---|
| A | भामह |
| B | वामन |
| C | दण्डी |
| D | मम्मट |
| Answer Key: **A** | |

| **Q90 :** | विद्वानों ने किस विधा को 'पंचम वेद' कहा है? |
|---|---|
| A | धार्मिक महाकाव्य |
| B | धार्मिक गीत |
| C | नाटक |
| D | उपन्यास |
| Answer Key: **C** | |

| **Q91 :** | "लोग है लागि कवित्त बनावत, मोहि तौ मेरे कवित्त बनावत", किस कवि का आत्म कथन है? |
|---|---|
| A | केशव दास |
| B | भूषण |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | |
|---|---|
| C | घनानंद |
| D | ठाकुर |
| Answer Key: **C** | |

**Q92 :**
'गीत फरोश' काव्य संग्रह के रचयिता हैं-

| | |
|---|---|
| A | भवानी प्रसाद मिश्र |
| B | केदार नाथ अग्रवाल |
| C | धर्मवीर भारती |
| D | कुँवर नारायण |
| Answer Key: **A** | |

**Q93 :**
निम्न लिखित निबंधकारों में ललित-निबंध लेखक का नाम बताइये -

| | |
|---|---|
| A | डॉ नगेन्द्र |
| B | प्रताप नारायण मिश्र |
| C | विद्यानिवास मिश्र |
| D | गुलाबराय |
| Answer Key: **C** | |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | | |
|---|---|---|
| **Q94 :** | "चारु कपोल लोल लोचन गोरोचन तिलक दिये। लट लटकनि मंत्र मधुपगन माधुरि मधुर पिये।।" पंक्तियों में कैसा बिम्ब है- | |
| A | श्रव्य बिम्ब | |
| B | दृश्य बिम्ब | |
| C | स्पर्श बिम्ब | |
| D | इनमें से कोई नहीं | |
| Answer Key: **B** | | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q95 :** | 'भँवर गीत' नंददास जी की- | |
| A | ज्ञानपरक रचना है | |
| B | तार्किक शैली पर आधारित रचना है | |
| C | भाव प्रधान रचना है | |
| D | विरह प्रधान रचना है | |
| Answer Key: **B** | | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q96 :** | 'अलंकार रहिता विधवैव सरस्वती' कथन कहाँ से लिया गया है? | |
| A | अलंकार सर्वस्व | |
| B | सरस्वती कंठाभरण | |
| | | |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | |
|---|---|
| C | कवि कंठाभरण |
| D | अग्नि पुराण |
| Answer Key: **D** | |

**Q97 :**
गोस्वामी तुलसी दास की भक्ति भावना मूलतः

| | |
|---|---|
| A | रामासक्ति-प्रेरित है |
| B | लोक संग्रह-भावना-प्रेरित है |
| C | महाकाव्य रचना-प्रेरित है |
| D | विशिष्टाद्वैत-प्रेरित है |
| Answer Key: **B** | |

**Q98 :**
किस आचार्य ने कहा है- 'विशिष्ट पद रचना रीति है'।

| | |
|---|---|
| A | दण्डी |
| B | वामन |
| C | रूद्रट |
| D | मम्मट |
| Answer Key: **B** | |


DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM 

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

| | |
|---|---|
| **Q99 :** | "साँप<br>तुम सभ्य तो नहीं हुए, नगर में बसना भी तुम्हे नहीं आया, एक बात पूँछू- उत्तर दोगे? तब कैसे सीखा डसना-विष कहाँ पाया"?<br>उक्त पंक्तियाँ किस कवि द्वारा रचित हैं ? |
| A | मुक्तिबोध |
| B | केदारनाथ अग्रवाल |
| C | अज्ञेय |
| D | धर्मवीर भारती |
| Answer Key: **C** | |

| | |
|---|---|
| **Q100 :** | किसका कथन है-"तंत्र न जानू, मंत्र न जानू , जानू सुन्दर काया" |
| A | जायसी |
| B | दादू |
| C | रैदास |
| D | कबीर |
| Answer Key: **D** | |

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: MPPSC




**What you will get:**

- 100% MPPSC G.S. Syllabus Covered
- 1950+ Pages
- Total Booklets: 7
- Every section is covered with MCQs
- Flow chart, diagram and figures are exhaustively compiled, for better understanding of the Contents.
- Current Affairs for MPPSC (Pre.) Exam
- Gist of The Hindu, Yojana, Kurukshetra, PIB (12 Months)
- Guidance & Support from Our Experts

**Price of the Kit:**

~~Rs. 8,000~~

**Rs. 3,999/-**

*(Limited time Offer)*

Buy Online

VISA Maestro MasterCard RuPay

Net Banking

## Madhya Pardesh PSC Exam PAPERS

## Order Online (100% Safe)

CLICK HERE

50% OFF